पश्चिम मध्य रेल
West Central Railway

महाप्रबंधक कार्यालय
जनसम्पर्क विभाग
जबलपुर

अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत 1275 रेलवे स्टेशनों की पहचान

पमरे के 53 स्टेशन अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत शामिल

जबलपुर 13 फरवरी। भारतीय रेलवे पर रेलवे स्टेशनों के विकास के लिए अमृत भारत स्टेशन योजना शुरू की गई है। शुरुआत में इस योजना में भारतीय रेलवे पर उन्नयन/आधुनिकीकरण के लिए 1275 स्टेशनों को लेने की परिकल्पना की गई है। **इस योजना के तहत पश्चिम मध्य रेल के 53 स्टेशनों को चिन्हित किया गया है। जिसमें जबलपुर मण्डल के 17 स्टेशन, भोपाल मण्डल के 17 स्टेशन एवं कोटा मण्डल के 19 स्टेशन है।**

अमृत भारत स्टेशन योजना में दीर्घकालिक दृष्टिकोण के साथ स्टेशनों के विकास की परिकल्पना की गई है। इसमें स्टेशनों पर सुविधाओं में सुधार के लिए मास्टर प्लान तैयार करना और चरणबद्ध उनका कार्यान्वयन शामिल है, जैसे स्टेशन पहुंच में सुधार, सर्कुलेटिंग एरिया, वेटिंग हॉल, शौचालय, लिफ्ट/एस्केलेटर, स्वच्छता, मुफ्त वाई–फाई, स्थानीय उत्पादों के लिए कियोस्क। प्रत्येक स्टेशन पर आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए 'वन स्टेशन वन प्रोडक्ट', बेहतर यात्री सूचना प्रणाली, कार्यकारी लाउंज, व्यावसायिक बैठकों के लिए नामित स्थान, लैंडस्केपिंग आदि जैसी योजनाएं उपलब्ध रहेंगी।

इसके अलावा इस योजना में भवन में सुधार, शहर के दोनों किनारों के साथ स्टेशन को एकीकृत करने, मल्टीमॉडल एकीकरण, दिव्यांगजनों के लिए सुविधाएं, स्थायी और पर्यावरण के अनुकूल समाधान, गिट्टी रहित पटरियों का प्रावधान, आवश्यकता के अनुसार 'रूफ प्लाजा', चरणबद्ध और व्यवहार्यता और निर्माण की भी परिकल्पना की गई है।

अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत पश्चिम मध्य रेलवे के तीनों मण्डलों के स्टेशन इस प्रकार हं :–

जबलपुर मण्डल :– जबलपुर, श्रीधाम, नरसिंहपुर, करेली, गाडरवारा, पिपरिया, सिहोरा रोड, कटनी जंक्शन, कटनी मुड़वारा, कटनी साउथ, बरगवां, ब्यौहारी, दमोह, सागर, मैहर, सतना, रीवा स्टेशनों को शामिल किया गया गया है।

भोपाल मण्डल :– भोपाल, नर्मदापुरम (होशंगाबाद), इटारसी जंक्शन, बनापुरा, खिरकिया, हरदा, बीना, सांची, संत हिरदाराम नगर, गंजबासौदा, विदिशा, अशोकनगर, गुना, रूठियाई, शाजापुर, ब्यावरा राजगढ़, शिवपुरी स्टेशनों को शामिल किया गया गया है।

कोटा मण्डल :– कोटा, बारां, डकनिया तलाव, सवाईमाधोपुर, रामगंजमण्डी, बयाना, भरतपुर, भवानी मण्डी, बूँदी, छबड़ा गुगोर, गंगापुरसिटी, हिण्डौनसिटी, झालावारसिटी, माण्डलगढ़, श्री महावीरजी, शामगढ़, विक्रमगढ़ आलोट, चौमहला, गरोठ शामिल किया गया गया है।

संख्याः पमरे/मुख्या/मुजसअधि/प्रेस विज्ञप्ति/728/2023 दिनांक 13.02.2023

सम्माननीय संपादक

कृपया जनहित में उपरोक्त समाचार अपने लोकप्रिय दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित कर सहयोग प्रदान करें.

धन्यवाद

मुख्य जनसंपर्क अधिकारी
पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर